बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र०2 / बो0फ0–15 / 08(खंड–1)– / पटना, दिनांक–

प्रेषक,

**राज किशोर लाल,**
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

**अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना ।

विषयः– **बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0 (BSPGCL) द्वारा कजरा (लखीसराय) में 185 मेगावाट (AC) सौर ऊर्जा (PV) क्षमता के साथ 253.85 MWh बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) परियोजना के अधिष्ठापन हेतु कुल 1810.34 करोड़ (एक हजार आठ सौ दस करोड़ चौतीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment for 2024-25 Under Part-I के अंतर्गत विमुक्त की गयी राशि में से 288.062 करोड़ (दो सौ अठासी करोड़ छः लाख बीस हजार) रूपये बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0 को भुगतान करने हेतु आवंटन की स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय राज्यादेश संख्या–1440 दिनांक–21.03.2025 के आलोक में बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0 (BSPGCL) द्वारा कजरा (लखीसराय) में 185 मेगावाट (AC) सौर ऊर्जा (PV) क्षमता के साथ 253.85 MWh बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) परियोजना के अधिष्ठापन हेतु कुल 1810.34 करोड़ (एक हजार आठ सौ दस करोड़ चौतीस लाख) रूपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार द्वारा Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment for 2024-25 Under Part-I के अंतर्गत विमुक्त की गयी राशि में से 288.062 करोड़ (दो सौ अठासी करोड़ छः लाख बीस हजार) रूपये बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0 को भुगतान करने हेतु आवंटन स्वीकृत एवं विमुक्त किया जाता है।

2. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4810–नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0102–बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4810001900102 विषय शीर्ष 54.01–निवेश के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

आवंटन की स्थिति निम्न प्रकार है :–

| बजट उपबंध | पूर्व में आवंटित राशि | वर्त्तमान में आवंटित राशि | कुल आवंटित राशि | बजट उपबंध की शेष राशि |
|---|---|---|---|---|
| 9,38,06,20,000.00 | 6,50,00,00,000.00 | 2,88,06,20,000.00 | 9,38,06,20,000.00 | 0.00 |

3. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से की जाएगी।

4. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक–17.04.1998 के आलोक में निर्गत किया जाता है तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से अनुरोध है कि राशि की निकासी के पूर्व सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद ही इस राशि की निकासी करेंगे। यह राशि इस मद में कुल उपबंधित राशि के अधीन है।

5. आवंटित राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि के साथ संबंधित इकाई के कोड संख्या का भी उल्लेख करेंगे तथा विपत्र पर चिन्हित राशि बजट उपबन्ध के अन्तर्गत होने का प्रमाण–पत्र भी अंकित करेंगे।

6. इस राशि की निकासी अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर इसका भुगतान कार्यान्वयन एजेंसी बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कं0 लि0, पटना को कैनरा बैंक, साउथ गॉधी मैदान, पटना के खाता सं0–0352101041922 एवं IFSC Code–CNRB0000352 में की जायेगी।

7. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0/–

**(राज किशोर लाल)**

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–प्र०2/बो0फ0–15/08(खंड–1)– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना/महालेखाकार (लेखा परीक्षा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

**सरकार के उप सचिव।**

ज्ञापांक–प्र०2/बो0फ0–15/08(खंड–1)– 32 /पटना, दिनांक– 21.03.2025

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना/निदेशक(प्रशासन), आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (IDA) एवं आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/03/25

**सरकार के उप सचिव।**